आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 20.09.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा– हिमालय की धरोहर को सुरक्षित रखने और बदलते जलवायु संकट का समाधान खोजने के लिए एक "अंतर्राष्ट्रीय हिमालय अध्ययन विश्वविद्यालय" की स्थापना जरूरी है।
- शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विद्यालयी शिक्षा विभाग की समीक्षा की। अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये।
- बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने हरिद्वार में चंडीदेवी मंदिर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।
- देहरादून जिले की ग्रामसभा सोरना डोभरी में वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर का आयोजन। ग्रामीणों को वित्तीय योजनाओं और बैंकिंग सेवाओं की जानकारी दी गई।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा कि वर्तमान में हिमालय के संरक्षण और शोध के लिए अलग–अलग संस्थान काम कर रहे हैं, लेकिन एकीकृत प्रयास की कमी के कारण ठोस समाधान सामने नहीं आ पा रहा है। इसके लिए एक "अंतर्राष्ट्रीय हिमालय अध्ययन विश्वविद्यालय" की स्थापना जरूरी है। राजभवन में राज्यपाल ने विशेषज्ञों के साथ एक बैठक कर हिमालय संरक्षण और संवर्धन पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना से न केवल हिमालयी राज्यों, बल्कि पूरे विश्व को लाभ मिलेगा। राज्यपाल ने सुझाव दिया कि इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए पर्यावरण के क्षेत्र में कार्यरत विश्वविद्यालयों की एक प्राथमिक बैठक आयोजित की जाए, जिसके निष्कर्षों पर आधारित प्रस्ताव तैयार कर केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह इस दिशा में हुई पहली बैठक है, जो भविष्य में ठोस पहल की आधारशिला बनेगी।

शिक्षा मंत्री

विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षकों की वरिष्ठता प्रकरण को लेकर उत्तराखंड उच्च न्यायालय के दिशा–निर्देशों के क्रम में वरिष्ठता सूची तीन दिन के भीतर न्यायालय को सौंप दी जाएगी। विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने उच्च न्यायालय में चल रहे शिक्षकों की वरिष्ठता, पदोन्नति और स्थानांतरण प्रकरण को लेकर देहरादून में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में निर्णय लिया गया है कि उच्च न्यायालय के दिशा–निर्देशों के क्रम माध्यमिक शिक्षा के करीब 3 हजार 300 शिक्षकों की वरिष्ठता सूची अगली सुनवाई से पूर्व न्यायालय में प्रस्तुत कर दी जाएगी।

इसके लिये विभागीय अधिकारियों को शीघ्र सूची तैयार कर अगली सुनवाई की तिथि 23 सितंबर से पूर्व न्यायालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। डॉ. रावत ने डायट और आवासीय विद्यालयों में प्राचार्यों की तैनाती सहित राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। उन्होंने विभाग में कार्मिकों की शत–प्रतिशत पदोन्नति करने की बात भी अधिकारियों से कही।

सेवा पर्व

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार, सेवा और सुशासन के मंत्र से अभिप्रेरित होकर, परिवर्तन और प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में आज मोदी सरकार द्वारा किए गए प्रयासों का उल्लेख किया जा रहा है।

बीकेटीसी

बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने हरिद्वार प्रशासन की टीम के साथ चंडीदेवी मंदिर की व्यवस्थाओं की समीक्षा और निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चंडीदेवी मंदिर समिति को आगामी नवरात्र त्यौहार को लेकर तैयारियां करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मंदिर समिति इस समय 47 मंदिरों की देख–रेख कर रही है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार के प्रसिद्ध चंडीदेवी मंदिर का जिम्मा मिलने के बाद धीरे–धीरे मंदिर की व्यवस्थाओं में सुधार लाया जा रहा है। जिला प्रशासन हरिद्वार ने मंदिर को अतिक्रमण मुक्त कर दिया है। श्री द्विवेदी ने चंडीदेवी मंदिर समिति को सीसीटीवी कैमरे और पैदल रास्ते को दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए हैं। इस मौके पर चंडी देवी मंदिर ट्रस्ट के महंत भवानी नंदन गिरी ने कहा कि आगामी नवरात्र त्यौहार को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और श्रद्धालुओं को सुलभ और सरल दर्शन कराए जाएंगे।

संतृप्ति शिविर

देहरादून जिले में भारतीय स्टेट बैंक, लांघा शाखा की ओर से ग्रामसभा सोरना डोभरी में वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को वित्तीय योजनाओं, बैंकिंग सेवाओं और डिजिटल सुरक्षा के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर अधिकारियों ने ग्रामीणों को निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने, री–केवाईसी के महत्व, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के लाभों के बारे में जानकारी दी। शिविर में डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव के उपाय भी बताए गए। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय निदेशक, अरविंद कुमार ने सभी से आग्रह किया कि वे इन योजनाओं और संदेशों को व्यापक रूप से फैलाएं और अन्य लोगों को भी इनके बारे में जागरूक करें।

ऋषिकेश–चंबा मोटर मार्ग

कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने टिहरी की जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल के साथ आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान ऋषिकेश–चंबा मोटर मार्ग पर आमसेरा, सेलूपानी और खाड़ी समेत अन्य आपदा प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को नुकसान का प्राक्कलन जल्द तैयार कर जिलाधिकारी को भेजने के निर्देश दिए, ताकि प्रभावितों को समय रहते मदद दी जा सके।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि आपदा को देखते हुए कुंजापुरी मेले को एक माह के लिए स्थगित किया गया है।

स्वास्थ्य शिविर

पौड़ी गढ़वाल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाबौ में "स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार" अभियान के अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 220 से अधिक ग्रामीणों ने लाभ लिया। शिविर में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, किशोरियों व महिलाओं में एनीमिया की जांच सहित विभिन्न बीमारियों की स्क्रीनिंग और दवाइयां निःशुल्क वितरित की गयी। साथ ही महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां भी दी गयी। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने मौके पर जांचें कीं और ग्रामीणों को उपचार व परामर्श दिया। सीएमएस डॉ. पारुल गोयल ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित यह कार्यक्रम दो अक्टूबर तक जारी रहेगा।

विद्यालय निरीक्षण

हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने हरिद्वार नगर के अपर रोड पर स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय नम्बर 34 और 41 का औचक निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि विद्यालय भवन काफी पुराना और जीर्णशीर्ण अवस्था में है। उन्होंने दोनों विद्यालय भवनों को मॉडल विद्यालय बनाए जाने के लिए हरिद्वार–रूड़की विकास प्राधिकरण को जल्द प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा मॉडल विद्यालय में कंप्यूटर रूम, म्यूजिक, स्पोर्ट्स और आर्ट रूम जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध हों। जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा अधिकारी को जीर्णशीर्ण प्राथमिक विद्यालय भवन के ध्वस्तीकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए।